सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती कार्यक्रम

आज महामना मालवीय महाविद्यालय, खेकड़ा, बागपत में सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में शासन के निर्देशों के अनुक्रम में महाविद्यालय परिवार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में युवा और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, उत्तरप्रदेश शासन व उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप महाविद्यालय से प्रातःकाल एकता रैली /पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में प्राचार्य प्रोफेसर सुनील कुमार तोमर की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन सेमिनार हॉल में किया गया। जिसमें प्राचार्य जी ने सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा किये गये किसान आंदोलन से छात्रों को अवगत कराया, कहा कि बारडोली सत्याग्रह के समय वल्लभभाई पटेल की संघर्ष के बदौलत ही अग्रेंजी सरकार झुकी और बढ़े हुए लगान को वापस लिया गया, तभी बारडोली की महिलाओं ने उन्हें 'सरदार' की उपाधि दी। आगे उन्होंने छात्रों को सजग करते हुए बोला कि सभी छात्रों को सरदार पटेल के जीवन से आनुशासन और कड़ी मेहनत की सीख लेनी चाहिए। डॉ जगदीश ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकीकरण का जो अभूतपूर्व कार्य किया वह सदियों में नहीं हो पाया था,आज हमारे वर्तमान राष्ट्र का जो स्वरूप है उनकी ही देन है,अन्यथा आज भारतीय उपमहाद्वीप में कई देश बन गए होते। प्रोफेसर धीमान ने उनके बारे बताते हुए कहा कि वह कुशल प्रशासक थे,उन्होंने जो मूल्यों की नींव रखी उससे प्रशासकों को प्रेरणा लेनी चाहिए। तदुपरांत छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सौजन्य से प्रसार भारती द्वारा बनाई हुई सरदार पटेल के जीवनवृत्त पर एक फ़िल्म दिखाई गई। इस अवसर पर एन. एस. एस.कार्यक्रम अधिकारी डॉ गुजन सिंह,डॉ उदयभान द्विवेदी सहित शिक्षक तथा शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहें।